**C 31116**

**(Pages : 3)**

**Name..............................**

**Reg. No..............................**

# THIRD SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 09 (L)—LITERATURE IN HINDI

(2014 and 2015 Admissions)

Time : Three Hours

Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य हैं ।**) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'गुण्डा समय' का कवि कौन है ?

(अनामिका, अरूण कमल, लीलाधर जगूडी, धूमिल)

2 सूरदास के गुरू कौन थे ?

(रामानुज, वल्लभाचार्य, निंबार्काचार्य, चतुर्भुजदास)

3 पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(ग्राम्या, गुंजन, पल्लव, चिंदबरा)

4 'ए.बी.सी.डी' उपन्यास का रचनाकार कौन है ?

(ममता कालिया, रवीन्द्र कालिया, राजेन्द्र अवस्थी, राजेन्द्र यादव)

5 'विज्ञाउन युग' किसका लिखा निबंध है ?

(अज्ञेय, मोहन राकेश, मन्नू भंडारी, भीष्म साहनी)

(ख) उचित शब्दों से खाली जगहों को भरिए :

6 'जहाँ आकाश नहीं दिखायी देता' का लेखक है ———— ।

7 'भगत की गत' का रचनाकार ———— है ।

8 हिन्दी के कथा सम्राट हैं ———— ।

9 कबीर के गुरू ———— थे ।

10 'यमराम की दिशा' कविता का कवि ———— है ।

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 सतगुरू के संबध में कबीर की क्या राय है ?

12 सूरदास कृष्ण के पैरों पर क्यों बार-बार वंदना करना चाहते हैं ?

13 चीनी कैसे गिंरहकटों के गिरोह से बच गया ?

14 भगतजी कैसे हत्यारा बन गया ?

15 अब अजंता और एलोरा की मूतियों को देखकर लेखक के मन में कौन-सा विचार आता है ?

16 "मासिक वेतन पूर्णमासी का चाँद है, जो एक दिन दिखायी देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है ।"—यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? यह वाक्य कौन किससे कहता है ?

17 "बसों पर बसें चली जा रही है । ट्रामें धडधडाती अग्नि-स्फुलिंग आकाश में उड़ती निरंतर दौड रही है । यहाँ पर सबकुछ दौडता है, बेतहाशा दौडता है ।"—यह वर्णन किस नहर का है ? इसका लेखक कौन है ?

18 इस जगत के संबंध में कबीर की क्या राय है ?

19 ग्राम वधु की माँ, मौसी और सखियाँ क्या-क्या कहती हैं ?

20 संध्या सुन्दरी किस प्रकार आ रही है ?

21 'यमराज की दिशा' के कवि को माँ ने कौन-सा उपेदश दिया ?

22 कविता के प्रति मुक्तिबोध का दृष्टिकोण क्या है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की व्याख्या कीजिए :

23 कबीर चौसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा माँहि ।
तिहि घरि किसकौ चांनिणौं, जिहि धरि गोग्यंद नाहिं ।।

24 मदिरा की वह नदी बहाती आती
थके हुए जीवों को वह सस्नेह
प्याला एक पिलाती
सुलाती उन्हें अंक पर अपने
दिखलाती फिर विस्मृति के कितने मीठे सपने ।

25 एक औरत नाक से बहता खून पोंछती हुई बोलती है
कसम खाती हूँ, मेरे अतीत में कहीं नहीं था प्यार
वहाँ था एक पवित्र, शताब्दियों लंबा, आग जैसा धधकता सन्नाटा
जिसमें सिक रही थी सिर्फ आपकी खातिर मेरी देह ।

26 आप हमारे पूज्य देवता है, आपको कौन-सा मुँह
दिखावें, मुँह में तो कालिख लगी हुई है ।
किन्तु क्या करें लडका अभागा कपूत है, नहीं तो आपसे
क्यों मुँह छिपाना पडता ?

27 विधना ने इतनी बारीकबीनी से यह जो धरती बनायी है और मनुष्य ने विज्ञान के आश्रय से उसमें जो चार चाँद लगाए हैं, वे इसलिए कि विज्ञापन कला के लिए उपयुक्त भूमि प्रस्तुत की जा सके ।

28 तुम्हारा मामला बडा पेचीदा है । हम अभीतक तय नहीं कर पाए कि तुम्हें स्वर्ग दें या नरक । तुम्हारा फैसला खुज भगवान करेंगे ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'भगत की गत' कहानी का सारांश लिखकर उसका व्यंग्य समझाइए ।

30 ए.बी.सी.डी. उपन्यास में प्रवासी भारतीयों के सांस्कृतिक संकट का चित्रण है—इस उक्ति की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

31 'सौन्दर्य बोध' कविता का भाव समझाइए ।

(2 × 15 = 30 marks)

C 31117 (Pages : 4) Name.................................

Reg. No.................................

# THIRD SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

## A 09 (L)—POETRY IN HINDI

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'मोह' कविता का कवि कौन है ?

(मैथिलीशरणगुप्त, पंत, उयद प्रकाश, कात्यायनी)

2 कबीर किसका शिष्य माने जाते है ?

(रामानुज, रामतीर्थ, रामानंद, मलूकदास)

3 इनमें कात्यायनी की कविता कौन-सी है ?

(नदी और साबुन, प्रेत का बयान,)

4 'भूमिजा' खंडकाव्य का लेखक कौन है ?

(अरुण कमल, नागार्जुन, निराला, नरेश मेहता)

5 गांधि-पुत्र कौन है ?

(वाल्मीकि, गौतम मुनि, विश्वामित्र, वसिष्ठ मुनि)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 नागार्जुन का असली नाम क्या है ?

7 'ओढनी' कविता का रचनाकार कौन है ?

8 सुमित्रानंदन पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

Turn over

9 'धब्बा' का कवि कौन है ?

10 अज्ञेय का पूरा नाम क्या है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 कबीर गोविन्द की अपेक्षा गुरू को क्यों महत्व देते हैं ?

12 "मैया मोहि बहुत खिझायो
मोसे कहत मोल को लीनो, तू जसुमति कब जायो"

—इन पंक्तियों का मतलब क्या है ?

13 'बादल राग के 6' द्वारा कवि का उद्देश्य क्या है ?

14 कौन-सी घटना 'सम्राज्ञी का नैवेद्य दान' कविता का आधार है ?

15 कबीर ने संत की तुलना चंदन के पेड से क्यों की ?

16 'ऐ इन्सानो' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

17 सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के अनुसार सबसे पहले कौन मारा जाता है ?

18 बारिश धब्बे के प्रति कौन-सा व्यवहार करती है ?

19 नदी की शुभ्र त्वचा बैंगनी हो जाने का क्या कारण है ?

20 अहल्या अपने में प्राण संचार करनेवाले व्यक्ति को असुर, सुर अथवा मानव मानने को क्यों तैयार नहीं है ?

21 "तात, यही है बस अपना सीमांत
नदी-पार से होता है आरंभ"

—यह कथन किसका है ? नदी-पार से क्या आरंभ होता है ?

22 "सत्य-सत्य कहती हूँ परमोदार !
साक्षी पृथ्वी-साक्षी है आकाश
हुई नहीं संपृक्त किसी के साथ"

—ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? यह प्रसंग कौन किससे कहती है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 माली आवत देखि कै, कलियाँ करत पुकार ।
फूली-फूली चुन लई, काल्हि हमारी बार ।।

24 अट्टालिका नहीं है रे
आतंक-भवन,
सदा पंक पर ही होता
जल-विप्लव-प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर,
रोग शेक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर ।

25 आज भी वह संघर्षरत है
नित-निरन्तर
उनके साथ
जिनके पास खोने को सिर्फ जंजीरें ही हैं
बिल्कुल हमारी ही तरह !

26 वे तमाम वर्ष
वृत्ताकार होकर धूमते हैं
करते हैं छलनी लगातार
उँगलियों और हथेलियों को
नस-नस में समा जाता है ठंग-ताप ।

27 त्रिविध-तापहारिणी गंगे, तुम धन्य !
देवी तुम्हारी महिमा अपलम्पार !
पाकर तेरे जलकण का संस्पर्श
कट जाते हैं युग-युग-संचित पाप ।
हट जाते हैं बड़े-बड़े अभिशाप ।

28 इकहरी मर्यादा का बोध

क्रूरे साडंबर नारी-मेध

बने पुरूषोत्तम जग-विख्यात

रचित होगी फिर-फिर इतिहास

हमारा क्या ! हम तो हैं घास !

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के बिस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'सम्राज्ञी का नैवेद्य दान' कविता की समीक्षा कीजिए ।

30 नारी विमर्श के परिप्रेक्ष्य में भूमिका की आलोचना कीजिए ।

31 'बस्स ! बहुत हो चुका' कविता में अभिव्यक्त विचारों की विवेचना कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)